## एक नजर में

### तिरंगा यात्रा का स्वागत करेगा अटल फाउंडेशन

**देवास** ।20 अगस्त को देवास जिले के मनीगिरी पर्वत नेमावर से चलकर खातेगांव नगर तक निकलने वाली विशाल तिरंगा यात्रा का स्वागत मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के खातेगांव विधानसभा के पदाधिकारी स्वागत करेंगे क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा द्वारा निकली जा रही विशाल तिरंगा यात्रा जो देवास जिले के नेमावर स्थित मनी गिरी पर्वत से चलकर खातेगांव नगर तक निकलेगी इस विशाल तिरंगा यात्रा का स्वागत संभागीय अध्यक्ष अटल फाउंडेशन के के कुंडल प्रदेश पदाधिकारी घनश्याम पटेल बावडीखेड़ा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अटल फाउंडेशन शोभा जोशी विधानसभा इकाई अध्यक्ष लोकेश पवार खेरी जिला पदाधिकारी हरिओम परमार हीरालाल गहलोत सुरेश वर्मा शिवराम चौहान अशोक यादव खातेगांव मंडल अध्यक्ष अशोक कुमावत हरण गांव मंडल अध्यक्ष मंगलेश बैरागी कन्नौद मंडल अध्यक्ष सगुनिया सरपंच रामदयाल बरेला चिंटू जोशी कलवार सेक्टर अध्यक्ष सुधीर सोमानी कन्नौद सेक्टर अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्वागत किया जाएगा तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के दिनेश आशापुरे अरुण बडोनिया नरेंद्र कांसल लोकेंद्र राठौड़ शैलेंद्र पाटीदार धर्मेंद्र जायसवाल कन्हैया मीणा रमेश बारवाल बावड़ीखेड़ा नाना गुर्जर मुकेश गुर्जर शिव शंकर तिवारी नेमावर आदि स्वयंसेवक जो कन्नौद खातेगांव विधानसभा में निवास करते हैं ने इस विशाल तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

### इनर व्हील क्लब ने मनाया जन्माष्टमी उत्सव



**देवास** । इनर व्हील क्लब देवास 304 द्वारा एक अनूठा प्रोजेक्ट साड़ी से सम्मान तक आयोजित किया गया। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्लब की बहनों ने अपने घरों में कार्यरत सहायिकाओं को साड़ियां भेंट कर उनका सम्मान किया। साड़ी भेंट कर उन्हें यह संदेश दिया गया कि उनके श्रम एवं सहयोग का समाज में विशेष महत्व है। इसी के साथ क्लब की बहनों ने मिलकर जन्माष्टमी का पर्व भी बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। सुंदर सजावट, भक्ति गीत और उल्लासपूर्ण माहौल में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन, सचिव रेखा उपाध्याय, तथा सदस्याएँ सुनीता पाटिल, चंद्रकांत शर्मा, सुनीता जैन एवं प्रीति यादव विशेष रूप से उपस्थित रही

### अमृत महोत्सव में किया सैनिकों का सम्मान



**देवास** । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव में सैनिक और पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह रखा गया है जिसमें मुख्य अतिथि सेना के 1971 युद्ध के योद्धा उमाशंकर नागर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल एवं राजपूत सेवा ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी। समाजसेवी जितेंद्र सिंह मोंटू, जैनेंद्र सिंह पवार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा, सुरेंद्र सिंह गौड़ करणी सेना जिला अध्यक्ष, दीप सिंह पवार राजपूत समाजसेवी और आनंद ठाकुर क्षत्रिय महासभा प्रदेश मंत्री ने सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रविंद्र सिंह पवार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा सभी सैनिकों और पूर्व सैनिकों, सर्व समाज से पधारे सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

### डंपर और कार की आमने-सामने भिड़ंत मां-बेटे की मौत

**देवास/कन्नौद** । इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर रविवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। कन्नौद मुक्तिधाम के पास तेज रफ्तार डंपर और कार आमने-सामने टकरा गई। हादसे में मां और बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बैतूल जिले के चिरा पाटला निवासी चेतन परिवार के तीन सदस्य (पति-पत्नी और बेटा) कार से इंदौर की ओर जा रहे थे। मुक्तिधाम के पास सामने से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से तीनों को गंभीर हालत में कन्नौद सिविल अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान लक्ष्मीबाई चेतन और उनके बेटे की मौत हो गई। वहीं प्रमोद चेतन को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने डंपर को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है।

### कथा वाचक भक्ति प्रभा का किया सम्मान



**सोनकच्छ** । अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा सोनकच्छ द्वारा नगर के गीता भवन परिसर में श्री राम कथा कर रही प्रसिद्ध कथावाचक भक्ति प्रभाजी का कथा के दौरान पहुंचकर सम्मान किया। ट्रस्ट सचिव रविंद्र नायक ने बताया कि गीता भवन परिसर में पांच दिवसीय भगवान श्री राम की कथा का रसपान कराया जा रहा है। इसी दौरान गायत्री परिवार के प्रबंधक ट्रस्टी रमेशचंद्र मेहता, संरक्षक सौभाग सिंह ठाकुर, सतीशचंद तिवारी, इंद्र कुमार शर्मा, कुलदीप शर्मा, जानकी शर्मा ने कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण की व कथावाचक भक्ति प्रभा जी का गायत्री परिवार की ओर से परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा जी के सत साहित्य भेंट किया व शाल श्रीफल पुष्प माला से सम्मान किया। इसी प्रकार कथावाचक ने अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में स्वामी अखंडानंद जी स्वामी प्रकाश आनंद जी की प्रतिमा का दर्शन किया। आनंद आश्रम परिवार द्वारा भक्ति प्रभा जी का शाल श्रीफल व गुरुदेव का साहित्य भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर आनंद आश्रम के अध्यक्ष अजयसिंह बघेल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम जोशी, ट्रस्टी गण मधुसूदन राठी, ओम प्रकाश पाटनी, महेश चंद सिसोदिया शंकर लाल शर्मा, प्रमोद कुमार भावसार, मुरलीधर झाला, पंडित गणेश शर्मा, स्वामी प्रेमानंद व अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

### प्रेस्टीज कॉलेज का दीक्षारंभ समारोह का आयोजन आज

**देवास** । प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, देवास में दिनांक 20 अगस्त 2025 को पद्मश्री डॉ. नेमनाथ जैन ऑडिटोरियम, में प्रातः 10.30 बजे से नए शिक्षण सत्र 25-26 के शुभारंभ पर एक भव्य दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संस्थान में प्रवेश लेने वाले एमबीए, एमसीए, बीबीए एवं बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। यह संस्थान का 24वाँ बैच है।

# आवारा कुत्तों का बढ़ रहा आतंक, सड़कों पर असुरक्षित आमजन

**आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है**



**सोनकच्छ** । मंगलवार दोपहर रेड रोज स्कूल संचालक योगेश शर्मा ने बताया कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे अपने घर जा रहे थे तभी आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया बच्चों के चीला पुकार से मैं वहां पहुंचा मैंने देखा की स्कूल की एक बालिका को कुत्ता बच्ची पर हमला करने ही वाला था । इतने में बच्ची दौड़ी और हड़बड़ा कर सड़क पर गिर पड़ी जिससे उसे चोटे आई है कुत्ते को आसपास खड़े लोगों द्वारा भगा दिया गया। नगर वासियों का कहना है कि खासकर सुबह और देर शाम इनके सक्रिय होने से लोग हर वक्त डर के साये में जी रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को अक्सर रास्ता बदलकर जाना पड़ता है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालु और टहलने निकले बुजुर्ग भी असुरक्षित महसूस करते हैं। कई बार ये कुत्ते चुपचाप बैठे रहते हैं और जैसे ही कोई राहगीर गुजरता है, अचानक झपट पड़ते हैं। इस प्रवृत्ति से लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है। यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। अ

अक्सर देखा गया है कि कुत्तों के हमलों में बच्चे और बुजुर्ग अधिक शिकार बनते हैं। कई परिवार अब अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डरते हैं। महिलाएं भी बाजार या मंदिर जाते समय असुरक्षा महसूस करती हैं। नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लोग हर समय हमलों के डर में खासकर बच्चे और महिलाएं आवारा कुत्तों के भय से घर से बाहर निकलने में डर रहे।मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कों तक झुंड में घूमते कुत्तों ने लोगों का निकलना मुश्किल कर दिया है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हर दिन हमले के डर में जी रहे हैं। पहले भी कई अचानक हमलों की घटनाएं आम हो चुकी हैं और कई लोग घायल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद कुत्ते पकड़ने की कार्यवाही जल्द करे।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई बुधवार से की जावेगी।

**अमरदास सेनानी**
**सीएमओ नगर परिषद**

## देवास और खरगोन जेल अधीक्षकों का आपसी स्थानांतरण



विद्या भूषण प्रसाद



हिमानी मनवारे

**देवास की कमान अब विद्या भूषण प्रसाद के हाथ**

**देवास** । मध्यप्रदेश शासन ने जेल विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार जिला जेल देवास की अधीक्षक हिमानी मनवारे का तबादला कर उन्हें जिला जेल खरगोन भेजा गया है, वहीं जिला जेल खरगोन के कार्यवाहक अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद को स्थानांतरित कर देवास जेल का नया अधीक्षक नियुक्त किया गया है। आदेश के मुताबिक दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के इस निर्णय से अब देवास जेल की कमान विद्या भूषण प्रसाद के हाथों में होगी, जबकि हिमानी मनवारे खरगोन जेल की जिम्मेदारी संभालेंगी। इस प्रशासनिक बदलाव को लेकर जेल विभाग और स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल है।

## यादव को दिल्ली में मिला सामाजिक सेवा रत्न पुरस्कार



**बागली** । नगर पालिका महासंघ परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागली नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि कमल यादव को दिल्ली के मीडिया मंच पर सामाजिक सेवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला बाजीराव पेशवा के वंशज प्रमोद पेशवा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तपन भोमीक भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई प्रबुद्ध हस्तियां उपस्थिति रही सामाजिक सेवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित कमल यादव ने बताया कि भारत की राजधानी दिल्ली में सम्मानजनक मंच पर उनका सम्मान होना बागली का सम्मान है। इसी प्रवास के दौरान उन्होंने खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मंच पर उपस्थित दीपक जोशी तपन भौमिक एवं राजेश व्यास ने यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बागली नगर परिषद मे करोड़ों रुपए के विकास कार्य होकर पूरा बागली नगर लगातार विकास कर रहा है। श्री यादव के सम्मानित होने पर उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी जाहिर की।

# दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने निकली नगर परिषद सीएमओ

**अस्थाई अतिक्रमण को हटाया किसी ने मांगा समय, किसी को दी चेतावनी**



**भौरासा** । नगर में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई जिसमें लोगों द्वारा रोड पर किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया आपको बता दे की नगर के युवाओ द्वारा पिछ्ले कई दिनों से नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए मांग कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा पिछले दिनों नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी, भोरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे व नायब तहसील नेहा शाह को पूर्व में ज्ञापन दिया गया था जिसके बाद भी कुछ भी कार्रवाई नहीं होने पर पिछले दिनों देवास जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह को जनसुनवाई में एक नगर के युवाओं द्वारा अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन दिया गया था इसके बाद आज नगर भौरासा में नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी द्वारा अपने दलबल के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने निकली व नगर से अतिक्रमण हटाया गया साथ ही कई लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भी दिए गए है अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद सीएमओ ने कहा की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी प्रतिदिन अलग अलग जगह को चिन्हित किया जायेगा और अतिक्रमण हटाया जायेगा नगर मे आज मंगलवार को बस स्टैंड सहित मुख्य मार्ग व आजाद चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। भौरासा के बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, रपट, आजाद चौक, सहित कई जगहों पर रखी गुमटीओ को हटाया गया व हटाने को कहा गया। नगर परिषद सीएमओ श्रीमती सविता सोनी ने मौके पर पहुंचकर नगर को अतिक्रमण मुक्त किया अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद की टीम के साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहा वही मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि नगर में सतत यह कार्रवाई जारी रहेगी हमारे द्वारा अतिक्रमण की जगहों को चिन्हित कर लगातार कार्यवाही की जायेगी।

### जेसीबी से हटाया जाएगा नालियों का अतिक्रमण

नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई,है साथ ही कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी आज लोगों के द्वारा जो अस्थाई अतिक्रमण किए गए थे उन्हें हटाया गया है व उन्हें कहा भी गया है की आपके द्वारा जो नालियों पर अतिक्रमण किया गया है उन्हें भी जल्द हटा ले नहीं तो नगर परिषद जल्द ही फिर एक बार जेसीबी की मदद से पूरे नगर का नालियों पर किया गया अतिक्रमण हटाया जाएगा जिस मे आपके समान टूट फूट की जवाबदारी आपकी स्वयं की रहेगी।

**सविता सोनी**
**मुनपा अधिकारी भौरासा**

## भारतीय स्टेट बैंक ने होनहार विद्यार्थियों को लैपटाप का वितरण किया



**देवास** । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल द्वारा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बी पी एल श्रेणी के अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के चुनिंदा मेधावी छात्र छात्राओं को लैपटॉप वितरण का लक्ष्य रखा गया। डिजिटल साक्षरता और रोजगार निर्माण के उद्देश्य से क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय देवास ने भी पूर्ण उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित किया। इस कार्यक्रम में देवास एवं शाजापुर जिले के 7 मेधावी छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया तथा उनके सम्मान के साथ ही अद्यतन तकनीक का लैपटॉप प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक विजयनाथ मिश्रा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की तथा कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदैव ही अपने सामाजिक दायित्यों के निर्वाह में अग्रणी रहा है। स्टेट बैंक की सदैव यही कोशिश रही है कि समाज का हर विद्यार्थी समाज निर्माण में अपना योगदान देवे। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक श्याम बोईपाई, आशीष सोनी एवं अखिलेश विश्वकर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। भारतीय स्टेट बैंक के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संगठन के क्षेत्रीय सचिव सुनील चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। उन्होंने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं जनकल्याण में स्टेट बैंक की महती भूमिका पर रोशनी डाली।

**ये हुए सम्मानित**

अजय पोरवाल, लखन सोलंकी, योगेंद्र आवले, पुष्पा मालवीय, दुर्गेश मालवीय, हर्षिता मानवटकर, कृष्णा गोयल।

कार्यक्रम का संचालन श्वेता पाडलिया ने किया एवं आभार मानव संसाधन प्रबंधक सुनील मेहता ने माना।

## इनर व्हील क्लब ने किया पौधा रोपण



**देवास** । इनर व्हील क्लब देवास 304 ने पर्यावरण संरक्षण के तहत अध्यक्ष मोनिका जैन के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक विद्यालय जसोदगढ़ की बाल वाटिका तथा बद्री धाम नगर स्थित भुवनेश्वर व विश्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 101 औषधीय पौधे (आम, जामुन, नीम, बड़, पीपल, तुलसी आदि) रोपे। कार्यक्रम के बाद क्लब की बहनों ने मिलकर बड़े उत्साह से स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर सुनीता पाटिल, चंद्रकांता, सुनीता जैन, प्रीति यादव, सचिव रेखा उपाध्याय एवं अध्यक्ष मोनिका जैन उपस्थित रहीं।

## टीआई तहजीब काजी ने घायल आरोपी को पीठ पर उठाकर पहुँचाया अस्पताल



**देवास** । कन्नौद से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने पुलिस की मानवीय छवि को और मजबूत किया है। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने घायल आरोपी की जान बचाने के लिए इंसानियत की मिसाल पेश की। दरअसल, बीती रात रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में चार बदमाश चोरी करने घुसे थे। पुलिस ने घेराबंदी की तो गिरोह का सरगना करंट की चपेट में आकर मौके पर ही मौत का शिकार हो गया। वहीं उसका साथी राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आरोपी को खेत से मुख्य सड़क तक पहुँचाने के लिए थाना प्रभारी तहजीब काजी ने किसी का इंतजार नहीं किया, बल्कि करीब एक किलोमीटर तक आरोपी को अपनी पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुँचाया। इस संवेदनशीलता भरे कदम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग टीआई तहजीब काजी की मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की जमकर सराहना कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह केवल मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना में भी सक्रिय रहा है। फिलहाल गिरोह के दो सदस्य अब भी फरार बताए जा रहे हैं।

## पति का हालचाल पूछने गई सरपंच से की मारपीट



**सोनकच्छ** । अयोध्या परिहार ने पुलिस थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम सांवेर में रहती है। वर्तमान में ग्राम पंचायत की सरपंच है। उसके पति रमेश गोस्वामी का स्वास्थ्य खराब होने से भानेज सोनु गोस्वामी जिसे इसने गोद ले रखा है के यहां सांवेर बायपास ढाबे पर आराम कर रहे थे 17 अगस्त की रात करीब 12.30 बजे में हालचाल लेने गयी तो सोनु ने उसे गाली गलोच की। जिसके कारण उसके सिर पर ईंट दे मारी खुन निकलने लगा। फरियादी चिल्लाई तो उसके पति रमेश गोस्वामी भी आ गये उन्होंने ने भी भानेज सोनु का पक्ष लेते हुए उसे गालिया दी व मारपीट करते हुए उसकी कार पर ईंट फेंक दी। जिसके कारण कांच टूटकर नुकसान हुआ है। उसके बाद फरियादी का लडका अज्जु व नाती दीपक वहां आ गये थे जिन्होने बीचबचाव किया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**देवास** । जिले के संविदा अधिकारियो कर्मचारियो ने मंगलवार 19 अगस्त को अपनी 10 सूत्रीय मांगे को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कार्यालय कलेक्टर जिला देवास में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि संविदा नीति 2023 के विभिन्न कंडिकाओं को अभी तक सरकार लागू नही कर पाई है। इसके अलावा कई ऐसे मुद्दे है जिसमें संविदा कर्मचारी ठगा सा महसूस कर रहे है। यही कारण है कि उन्होने अपनी प्रमुख मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा। संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के स्थान पर नियमित कर्मचारियो की भांति महंगाई भत्ता, इंक्रीमेंट एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए, संविदा नीति में विसंगतिपूर्ण समकक्षता निर्धारण को नियम अनुसार समकक्षता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है, तथा अर्जित अवकाश एवं मेडिकल अवकाश का प्रावधान किया जाए तथा यह अवकाश वर्ष के अंत में व्यापगत न हो संविदा नीति में कंडिका क्रमांक 9.8 6.2 एवं 11.5 को विलोपित करने का अनुरोध किया गया है। संविदा कर्मचारियो की मांग है कि सीधी भर्ती में प्रस्तावित 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही अनुभव के अंक जोड़ते हुए वरीयता का लाभ दिया जाए साथ ही साथ पात्रता परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ मार्क 33 निर्धारित किया जावे। यदि किसी कारण कोई योजना समाप्त की जाती है। तो उसके अंतर्गत् कार्यरत् संविदा कर्मचारियों को अन्य योजना में समकक्ष पद पर नियुक्ति देने का प्रावधान किया जावे। संविदा कर्मचारियो की मांग है कि उनके परिवार के सुरक्षा हेतु कम से कम 20 लाख रूपये का सामूहिक बीमा किया जाए। रिक्त होने पर संविदा कर्मचारियो को भी शासकीय आवास आवंटित किए जाने के प्रावधान लागू किया जावे। संविदा कर्मचारियो के जिला संयोजक द्वारा बताया गया कि संविदा कर्मचारियो के द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में चरणबद्ध तरीके से अपनी मांग रखी जा रही है। यदि समय सीमा में संविदा कर्मचारियो की मांग पूरी नहीकी जाती है। तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए संविदा कर्मचारी बाध्य होंगे।

**एक नजर** फूलों की लड़ी से सजी पालकी में सवार थे बाबा भंवरनाथ जी महाराज

# लोधी समाज के द्वारा निकाली गई बाबा भंवरनाथ जी महाराज की शाही सवारी



**भौरासा** । नगर मे श्रीबाबा भंवरनाथ की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में छटे सोमवार को शाम 5 बजे श्री भंवरनाथ जी महाराज शाही ठाट बाट से नगर में भ्रमण पर निकले जो नगर के लोधी समाज के युवा संगठन के द्वारा भाद्रपद माह की दूसरी और छटी सवारी लोधी समाज के द्वारा शाही सवारी के रूप में निकाली गई। मंदिर प्रांगण में सभी समाज बंधुओ का लोधी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष बद्री लाल लोधी पूर्व पार्षद, जमनालाल लोधी, दौलत पटेल, केशव उस्ताद, पंडित विवेक शर्मा, राजेश लोधी, सुरेश टेलर, सोनू सैनी, के द्वारा समस्त समाज बंधुओ का साफा बांधकर सम्मान किया गया। सवारी इस बार युवा संगठन लोधी समाज के द्वारा निकाली गई। सुसज्जित पालकी मे सवार बाबा भंवरनाथ जी महाराज को गुलाब के फूलों से सजी पालकी में निकाला गया। युवाओं द्वारा पंडितों की वेशभूषा पहनकर पालकी को अपने कंधे पर उठाया गया जो लोगों को आकर्षक का केंद्र थे। बाबा भवरनाथ जी की सवारी का टंकी चौराहे पर सोनकच्छ मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह मोडरिया, पंकज घारू, नप अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पार्षद छोटू लाल लोधी,राजेश लोधी, छोटू माली, मूलचंद उस्ताद, मुरारीलाल लोधी,छगन लोधी नगर और समाज के जनप्रतिनिधियों ने समाज बंधुओ का साफा बांध कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गया,वही इस सवारी में राधा कृष्ण का नृत्य, शिव पार्वती बारात व डीजे पर भील मामा समाज के युवाओं व युवक्तियों द्वारा डीजे पर आकर्षक नृत्य घोड़ी पर युवा बच्चे हाथों में झंडा लिए सवार रहे वही नासिक के ढोल व ढोल, ताशे , शिव तांडव से लोग मंत्रमुग्ध हो गये शाही सवारी बाबा भवरनाथ जी मंदिर प्रांगण पहुंची जहां पर आरती के साथ प्रसाद वितरण कर सवारी का समापन हुआ।


### कार्यालय नगर परिषद कांटाफोड़ जिला देवास (म.प्र.)

Email - cmokantafod@mpurban.goy.in.phone no. 07273 - 262-227

क्रमांक /899/ PMAY शाखा/2025 कांटाफोड़ दिनांक 18-08-2025

**//दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना //**

एतत् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र कांटाफोड़ में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों कि सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 18.08.2025 से 25.08.2025 को समय 6 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि उपरांत किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहीयों की सूची नगर परिषद कांटाफोड़ एवं तहसील कार्यालय सतवास के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कांटाफोड़**